# छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर


अपेक्स बैंक (Apex Bank)

मुख्यालय "सहकार भवन", प्लॉट नं.–74, सेक्टर–24, अटल नगर, नवा रायपुर(छ.ग.) 492002

Website : www.cgapexbank.com Email : cg.apexbank.ho@gmail.com


छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्र.10548 दिनांक 12/02/2026

## छ.ग.राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) में सीधी भर्ती के 04 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु दस्तावेजों के सत्यापन की विस्तृत सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर द्वारा दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञप्ति क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 2167 दिनांक 15.09.2023 (प्रकाशन दिनांक 16.09.2023) एवं बैंक के वेबसाइट में अपलोड की गई विस्तृत सूचना क्रमांक छ.ग./मुख्यालय/नवा रायपुर क्रमांक 2190'अ' दिनांक 16.09.2023 के आधार पर छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक– (2) (आई.टी./प्रोग्रामर), कनिष्ठ प्रबंधक–(2)(कन्सट्रक्शन/मेन्टेनेन्स), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (आई.टी. विशेषज्ञ) तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं अंबिकापुर में उप प्रबंधक(उप यंत्री), उप प्रबंधक (प्रोग्रामर) एवं सहायक प्रबंधक (सहायक प्रोग्रामर) के पद पर सीधी भर्ती के निम्नानुसार कुल 23 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु भर्ती परीक्षा दिनांक 07.09.2025 को आयोजित किया गया :–

| क्र. | सेवा/पद का नाम | अपेक्स बैंक में पदो की संख्या | जिला सहकारी बैंकवार पदों की संख्या | | | | सीधी भर्ती के कुल रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | रायपुर | दुर्ग | बिलासपुर | अंबिकापुर | |
| 1. | कनिष्ठ प्रबंधक– (2) (आई.टी./ प्रोग्रामर) | 01 | – | – | – | – | 01 |
| 2. | कनिष्ठ प्रबंधक– (2) (कन्सट्रक्शन/मेन्टेनेन्स) | 01 | – | – | – | – | 01 |
| 3. | कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ) | 01 | – | – | – | – | 01 |
| 4. | कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (आई.टी.विशेषज्ञ) | 01 | – | – | – | – | 01 |
| 5. | उप प्रबंधक (उप यंत्री) | – | 01 | – | 01 | – | 02 |
| 6. | उप प्रबंधक (प्रोग्रामर) | – | 04 | 04 | 03 | 01 | 12 |
| 7. | सहायक प्रबंधक (सहायक प्रोग्रामर) | – | 04 | – | – | 01 | 05 |
| | योगः– | 04 | 09 | 04 | 04 | 02 | 23 |

उक्त भर्ती परीक्षा का परिणाम छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा दिनांक 02.02.2026 को घोषित किया गया। ऐसे अभ्यर्थी जो भाग–1 परीक्षा में न्यूनतम 50% अंक या उससे अधिक अंक अर्जित किये हैं, उन्हें पात्र मानते हुए उनके द्वारा लिखित परीक्षा(भाग–2 एवं भाग–3) में प्राप्त कुल अंकों की मेरिट सूची का प्रकाशन, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, नवा रायपुर के वेबसाईट https://vyapam. cgstate.gov.in पर किया गया है।

अतः अपेक्स बैंक में कनिष्ठ प्रबंधक–(2)(आई.टी./प्रोग्रामर) के 01 पद, कनिष्ठ प्रबंधक–(2) (कन्सट्रक्शन/ मेन्टेनेन्स) के 01 पद, कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ) के 01 पद एवं कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (आई.टी. विशेषज्ञ) के 01 पद, इस प्रकार कुल 04 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु **लिखित परीक्षा परिणाम में पदवार पात्र अभ्यर्थियों की सूची** में आने वाले अभ्यर्थियों को दस्तावेजों के सत्यापन के लिए निम्नानुसार आमंत्रित किया जाता है:–

| क्र. | पदनाम | सूची में क्रमांक | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कनिष्ठ प्रबंधक– (2) (आई.टी./प्रोग्रामर) | 1 से 5 | **25.02.2026** | प्रातः 11:30 बजे से | **छ.ग.राज्य सहकारी बैंक मुख्यालय, सहकार भवन, प्लॉट नं.–74, सेक्टर–24, नवा रायपुर** |
| 2. | कनिष्ठ प्रबंधक–(2) (कन्सट्रक्शन/ मेन्टेनेन्स) | 1 से 5 | | | |
| 3. | कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ) | 1 से 5 | | | |
| 4. | कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (आई.टी. विशेषज्ञ) | 1 से 5 | | | |

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे दस्तावेजों के सत्यापन हेतु उपरोक्त उल्लेखित तिथि एवं स्थान पर निर्धारित समय से आधा घण्टा पूर्व उपस्थित होवें। उक्त दस्तावेजों के सत्यापन की सूचना, अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदन फार्म में दर्ज किये गये पते पर रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की जायेगी। जिन अभ्यर्थियों को डाक द्वारा सूचना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है वे उपरोक्त तालिका अनुसार दस्तावेजों के परीक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें। यदि दस्तावेजों के परीक्षण हेतु उपरोक्त उल्लेखित तिथि पर अभ्यर्थी उपस्थित नहीं होते हैं तो उन्हें चयन हेतु अपात्र माना जायेगा।

दस्तावेजों के परीक्षण में अपात्र पाये जाने पर अभ्यर्थियों द्वारा छ.ग.राज्य बैंक मर्यादित, रायपुर के समक्ष दिनांक 25.02.2026 को ही दावा–आपत्ति प्रस्तुत की जा सकेगी। उक्त तिथि के उपरांत दावा–आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी। दावा आपत्ति के निराकरण के उपरांत पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की सूची एवं अन्य निर्देश बैंक की वेबवाइट में प्रकाशित की जायेगी। अंतिम रूप से पात्र पाये गये अभ्यर्थियों (01 पद के लिए 03 पात्र अभ्यर्थी) को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा, जिसकी सूचना पृथक् से जारी की जायेगी।

**संलग्नः दस्तावेजों के सत्यापन हेतु निर्देश।**

**प्रबंध संचालक**

# <u>दस्तावेजों के सत्यापन हेतु निर्देश</u>

कनिष्ठ प्रबंधक–(2) (आई.टी./प्रोग्रामर), कनिष्ठ प्रबंधक–(2)(कन्सट्रक्शन/मेन्टेनेन्स), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (कृषि विशेषज्ञ), कनिष्ठ प्रबंधक संवर्ग (आई.टी. विशेषज्ञ) के पद पर सीधी भर्ती हेतु अभ्यर्थियों की अर्हता की जांच हेतु आयु सीमा, शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा।

उपरोक्त पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हता, आयु सीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच एवं सत्यापन हेतु निम्नानुसार दस्तावेजों की मूलप्रति तथा अभ्यर्थियों द्वारा स्वयं के द्वारा सत्यापित छायाप्रति (पृथक्–पृथक् 02 सेट) मान्य होगी :–

(1.) बैंक द्वारा प्रेषित सूचना पत्र ।

(2.) ऑन लाईन आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र की मुद्रित प्रति ।

(3.) जन्मतिथि के प्रमाण हेतु दस्तावेज जैसेः– जन्म प्रमाण पत्र, हाई स्कूल (10+2) प्रमाण पत्र जिससे जन्म तिथि प्रमाणित होती हो ।

(4.) आधार कार्ड एवं निवास के पते के सत्यापन के संबंध में प्रमाण–पत्र।

(5.) नवीनतम रंगीन 04 फोटोग्राफ, पहचान पत्र सहित ।

(6.) बोर्ड/विश्वविद्यालय द्वारा जारी शैक्षणिक योग्यता प्रमाणपत्र/अंकसूची की मूल प्रति।

(7.) आयु में छूट संबंधी छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र ।

(8.) अन्य विशेष वर्गों के लिए अधिकतम आयु सीमा में छूट संबंधी प्रमाण पत्र।

(9.) उम्मीदवार यदि किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा/निगम/मण्डल/सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक/ स्वशासी संस्था में कार्यरत है तो नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र ।

(10.) अन्य ऐसे प्रमाण पत्र/दस्तावेज जिन्हें सत्यापन में प्रस्तुत किया जा सकता हो ।

दस्तावेजों के सत्यापन में अभ्यर्थियों के अलावा अन्य व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। मोबाइल, लैपटॉप एवं अन्य गैजेट्स रखने की अनुमति नहीं होगी। विस्तृत विज्ञापन में वर्णित पदवार शैक्षणिक अर्हताएं एवं अन्य शर्तें पूरी नहीं करने की स्थिति पर अभ्यर्थी को चयन हेतु अयोग्य माना जावेगा, तद्नुसार चयन हेतु पात्र नहीं होंगे।

—— 00 ——